समाज कल्याण संचालनालय, छत्तीसगढ़
महानदी खण्ड, दाऊ कल्याण सिंह भवन परिसर, रायपुर

Phone No. 0771-4257810, Fax No. 4257804 E-mail ID dpsw.cg@gmail.com, dpsw.cg@nic.in

क्रमांक / न.ब / स.क. / 22 / 2021 / 126 - I रायपुर, दिनांक 07/06/2021

प्रति,

समस्त कलेक्टर,
छत्तीसगढ़।

विषय :— 26 जून 2021 "अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस" का आयोजन।

—::00::—

नशापान करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण तथा समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जाना वर्तमान परिपेक्ष्य में आवश्यक प्रतीत होता है। नशा पीड़ितों की संख्या में सतत् वृद्धि होना हम सभी के लिए चिन्ता का विषय है। इसकी रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता सृजन करने की अनिवार्यता के दृष्टिगत प्रयास किया जाना अपरिहार्य है।

समुदाय की सहभागिता से नशापान के विरूद्ध व्यापक जनमत विकसित करने के लिए दिनांक 26 जून 2021 अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनसम्पर्क, पंचायत, आबकारी विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के माध्यम से कोविड–19 के संक्रमण की रोकथाम हेतु जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप निम्नानुसार कार्यक्रम आयोजित किये जा सकते हैं :—

1. रेडियो एवं दूरदर्शन से नशा मुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण।
2. जिले के समस्त विभागों के समन्वय से नशापान के विरूद्ध समुचित कार्यवाही।
3. यथा संभव नशा पीड़ितों से प्रत्यक्ष संवाद विकसित किया जाकर उन्हें नशापान के दुष्परिणामों की जानकारी देना।
4. नशामुक्ति साहित्यों का वितरण।
5. सोशल मीडिया में प्रेरक स्लोगन, चित्रों आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार।
6. नशा तथा एड्स प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार।
7. विद्यार्थियों में नशापान के विरूद्ध जागरूकता लाना। इस हेतु विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय में नशापान न करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

इसके अतिरिक्त स्थानीय संस्कृति एवं परम्पराओं के अनुरूप अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जा सकते है।

कृपया उक्त कार्यक्रमों का आयोजन नोवेल कोरोना वायरस (कोविड–19) के संक्रमण की रोकथाम एवं नियन्त्रण हेतु भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए जन सामान्य की सहभागिता एवं विभिन्न विभागों के सहयोग से किया जावें।

संलग्न :— यथोपरि।

7/6/21

(पंकज वर्मा)
संयुक्त संचालक
वास्ते संचालक
समाज कल्याण संचालनालय
छत्तीसगढ़, रायपुर

पृ.क्रमांक / न.ब / स.क. / 22 / 2021 / 127 रायपुर, दिनांक 07/06/2021

प्रतिलिपि :-

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर को सूचनार्थ।
2. समस्त रजिस्ट्रार, विश्व विद्यालय (छ.ग.) कृपया अधीनस्थ महाविद्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित कराने का कष्ट करें।
3. समस्त संयुक्त / उप संचालक, जिला कार्यालय समाज कल्याण (छत्तीसगढ़) को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित साथ ही समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों को उनके फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्विटर पेज, व्हाट्सएप स्टेटस, ग्रुप आदि पर नशामुक्ति पर केन्द्रित स्लोगन, चित्र आदि पोस्ट करने हेतु प्रेरित करें।

7/6/21

संयुक्त संचालक

वास्ते संचालक

समाज कल्याण संचालनालय

छत्तीसगढ़, रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

Phone No. 0771-2262587 Website : prsu.ac.in,
E-mail – adm.prsu@yahoo.in

क्रमांक / 1881 / सा.प्रशा. / मिस्ले. / एफ–51 / 2021 रायपुर, दिनांक 22/06/2021

प्रतिलिपि :-

1. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय एवं अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला, पं. रवि.शु.वि.वि. रायपुर को इस निर्देश के साथ अग्रेषित कि उपरोक्तानुसार बिन्दु क्रमांक 1 से 7 तक नशापान के विरूद्ध जागरूकता लाने के लिये दिये गये कार्यक्रम के अनुसार **'नशा निवारण दिवस'** का आयोजन **नोवेल कोरोना वायरस (कोविड–19) के संक्रमण की रोकथाम एवं नियन्त्रण हेतु भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए** अपने महाविद्यालय / अध्ययनशाला के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करें।
2. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, पं. रवि.शु.वि.वि. रायपुर को सूचनार्थ एवं उपर्युक्त कार्यक्रम के आयोजन हेतु कार्यक्रम सुनिश्चित करें तथा कार्यक्रम आयोजन हेतु भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड–19 महामारी के नियंत्रण एवं बचाव हेतु जारी किए गए गाइड लाईन का पालन सुनिश्चित करें।
3. कुलपति / कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ ।

22.6.21

कुलसचिव